>

Title: Need to construct a bye-pass road in Dhanbad city, Jharkhand - Laid.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): मेरे संसदीय क्षेत्र का मुख्यालय धनबाद है । राष्ट्रीय राजमार्ग 32 धनबाद शहर के बीचों बीच स्थित सड़क से कोर्ट कचहरी, रेलवे स्टेशन, प्रमुख बाजार होते हुए गुजरता है जिससे आए दिन बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा प्रतिदिन सड़क जाम की समस्या भी बनी रहती है जिससे धनबाद के बीच गुजरते राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर आने जाने में लोगों को बहुत दिक्कत हो रही है । इस समस्या से निपटने के लिए धनबाद शहर के बाहर बाई पास का निर्माण कार्य लोकहित में बनाना अति आवश्यक है ।

अतः सरकार से मांग करता हूँ कि धनबाद शहर के बाहर से बाईपास रोड बनाया जाए जिससे शहर के बीच जाने वाले यातायात को बाई पास से होकर चलाया जा सके एवं शहर में होने वाले जाम एवं होने वाली दुर्घटनाओं से मुक्ति मिल सके ।